

नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 19 दिसम्बर, 2025


## एक नजर में

### तेरापंथ भवन पर प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम होंगे



**झाबुआ।** तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनि श्री कोमलकुमारजी एवं मुनि श्री सिद्धार्थकुमारजी मसा के सानिध्य में तेरापंथ भवन पर प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

जानकारी देते हुए तेरापंथ युवक परिषद् अध्यक्ष उमंग जैन 'कासवा' ने बताया कि मुनि श्री कोमलकुमारजी एवं श्री सिद्धार्थकुमारजी मसा के सानिध्य में तेरापंथ भवन पर प्रतिदिन वंदना, भक्तामर, मंगलपाठ प्रातः 6.30 से 7.30 बजे तक होगा। प्रवचन प्रातः 9 से 10 बजे होंगे। दोपहर 2 से 3 बजे तक गुरुवंदना एवं शाम 5.45 बजे से आराधना बाद रात्रि 8 से 9 बजे पुनः प्रवचन का आयोजन होगा। समस्त श्रावक-श्राविकाओं ने इस अवसर पर मुनिश्री के दर्शन, सेवा, उपासना प्रवचन एवं श्रवण आदि का लाभ लेने हेतु अपील की गई है।

### इंदौर बना टी-20 चैंपियन, जबलपुर को हराया



इंदौर . इंदौर ने आरजीपीवी राज्य स्तरीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में जबलपुर को 66 रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया. भोपाल के राधारमण समूह के क्रिकेट ग्राउंड पर इंदौर ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 173 रन बनाए। कप्तान दीपेंद्र (28 गेंदों में 50 रन) ने अर्धशतक जड़ा. तनय पाटीदार ने 36, देव किशन यादव ने 22 और वेदांत सिंह ने नाबाद 32 रन बनाए . जवाब में जबलपुर की टीम 12 .1 ओवर में 107 रन पर ऑलआउट हो गई . प्रशांत कुमार राम ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। इंदौर के दीपेंद्र ने 3 .1 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट झटके . दिव्य कृष्ण मित्तल और तनय पाटीदार ने 3-3 विकेट लिए . टीम सदस्य में दीपेंद्र गामी, क्रिश थनवार, दिव्यांश सोनी, हरदीप कुमार, वेदांतसिंह, शुभ खत्री, कोशिश खंडारे, तनय पाटीदार, रेहान अंसारी, रोहित पांडेय, दिव्यकिशन मित्तल, युगल पाटील, देवकिशन यादव, श्रेयांश तिवारी, आदित्य पाल, पवन शर्मा शामिल रहे। द्रोणाचार्य अवार्डी और गौतम गंभीर के कोच डॉ . संजय भारद्वाज, आरजीपीवी कुलसचिव डॉ . मोहन सेन और राधारमण ग्रुप डायरेक्टर डॉ . पीके लाहिरी ने पुरस्कृत किया .

### साईं भक्त एवं अभिभाषक विनिता पाठक को श्रद्धांजलि



इंदौर . केन्द्रीय सांई सेवा समिति के संस्थापक रहे ब्रह्मलीन अभिभाषक सुरेन्द्र पाठक की सुपुत्री अभिभाषक विनिता पाठक का अल्पायु में मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया . अंतिम संस्कार रीजनल पार्क मोक्ष धाम पर किया गया. सुश्री पाठक केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक की बड़ी बहन थीं और जीवन पर्यन्त उन्होंने महिलाओं को निशुल्क क़ानूनी सहायता, पार्थिव शिवलिंग पूजन, गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन, निशुल्क शिर्डी यात्रा से लेकर ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष और मानव अधिकार सुरक्षा परिषद की प्रदेशाध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए अनेक सेवा कार्यों में अपना निस्वार्थ योगदान दिया . रीजनल पार्क मोक्ष धाम पर आयोजित शोक सभा में भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, एमआईसी सदस्य निरंजन सिंह चौहान गुड्डू, केन्द्रीय सांई सेवा समिति के संस्थापक हरि अग्रवाल, साईं भक्त प्रदीप यादव, समीर जोशी, मालवा अकादमी के अशोक गोयल, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा, भाजपा नेता विरेन्द्र व्यास, दिनेश शास्त्री, पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व डीएसपी सुनील बिरथरे, साईं भक्त पं . महेश शर्मा, डॉ . आर के जैन, रवि वर्मा, विवेक व्यास सहित बड़ी संख्या में स्नेहीजनों ने सुश्री पाठक के निधन को शहर के साईं भक्तों के लिए बड़ा आघात बताते हुए श्रद्धा सुमन समर्पित किए ..

### स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में मोहित रहे उपविजेता

इंदौर . शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और एआईसीटीई द्वारा आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 के विजेताओं का सम्मान वीस्कूल में किया गया . इस राष्ट्रीय नवाचार अभियान में देशभर से रिकॉर्ड 68,766 टीमों ने 72,165 आइडियाज़ भेजे, जिनमें से 1,360 टीमें ग्रैंड फिनाले तक पहुँचीं। वीस्कूल नोडल सेंटर पर तीनों श्रेणियों में विजेताओं को 1,50,000 रुपए और उपविजेताओं को 25,000 रुपए का वीस्कूल इंस्पिरेशन अवॉर्ड प्रदान किया गया . इंदौर के लिए गर्व का क्षण तब बना, जब इंदौर के मोहित राठौर के नेतृत्व वाली टीम ब्रूटफोर्स-एक्स ने रक्षा मंत्रालय की 'एआई-एनेबल्ड साइबर इंसीडेंट एंड सेफ्टी वेब पोर्टल' समस्या वक्तव्य में उपविजेता स्थान हासिल किया . विजेता टीमों ने तकनीकी दक्षता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल अवसंरचना और उभरती तकनीकों की उत्कृष्ट समझ का प्रदर्शन किया . वीस्कूल के ग्रुप डायरेक्टर प्रो . डॉ . उदय सालुंखे ने नवाचार आधारित भविष्य के निर्माण में छात्रों की भूमिका को सराहा .

### उज्जैन मंडी बोर्ड के उपसंचालक से की चर्चा

इंदौर . उज्जैन मंडी बोर्ड के उपसंचालक माना सिंह मुनिया से आज किसान नेता बबलू जाधव एवं शैलेन्द्र पटेल ने सौजन्य भेंट कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं . इस अवसर पर किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई . श्री मुनिया के उज्जैन संभाग में पदभार ग्रहण करने के बाद से मंडी एवं कृषि से संबंधित व्यवस्थाओं में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं . उनके कुशल नेतृत्व, संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं किसानों के प्रति सकारात्मक सोच के कारण जमीनी स्तर पर समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्य हो रहा है . किसान नेताओं ने कहा कि श्री मुनिया किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और त्वरित समाधान हेतु सदैव तत्पर रहते हैं . उनके मार्गदर्शन में मंडी व्यवस्था अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं किसान हितैषी बन रही है, जिससे किसानों में विश्वास बढ़ा है . उज्जैन संभाग में उनके आगमन से कृषि एवं मंडी व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है, जो आने वाले समय में किसानों के लिए और भी लाभकारी सिद्ध होगा। किसान समाज को उनसे भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा है।

### डॉ . आचार्य को आईएमए नेशनल प्रेसिडेंट ऑनर

इंदौर. सीनियर सर्जन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंदौर और मध्य प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार आचार्य को नेशनल कैंसर प्रिवेंशन एंड टोबैको कंट्रोल कमेटी के चेयरमैन के तौर पर उनकी मानवीय सेवाओं के लिए नेशनल प्रेसिडेंट ऑनर से सम्मानित किया जायेगा. आईएमए प्रेसिडेंट 27 दिसंबर को अहमदाबाद में आईएमए के 100वें नेशनल कॉन्फ्रेंस (ढ्ढरू के दौरान यह सम्मान देंगे. डॉ. आचार्य ने इस अवॉर्ड के लिए नेशनल आईएमए प्रेसिडेंट डॉ. दिलीप भानुशाली और नेशनल सेक्रेटरी डॉ. सरबरी दत्ता को धन्यवाद देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने से अच्छे काम को और ज़्यादा जोश, उत्साह और लगन से करने की प्रेरणा मिलती है और दूसरे आईएमए मेंबर्स को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है. आईएमए इंदौर ब्रांच के प्रेसिडेंट डॉ. वल्लभ मूंदड़ा , सेक्रेटरी डॉ. सुनील बांठिया, आईएमए इंदौर के कई पूर्व प्रेसिडेंट और अन्य मेंबर्स ने इस खास सम्मान के लिए उन्हें बधाई दी है.

### वरिष्ठ समाजसेवी सूरजनारायण राठी का निधन

इंदौर . माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी माहेश्वरी विद्यालय ट्रस्ट, माहेश्वरी विवाह प्रकोष्ठ सेवा ट्रस्ट, माहेश्वरी पंचायती ट्रस्ट के ट्रस्टी, माहेश्वरी समाज बिजासन क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष सूरजनारायण राठी का अल्प बीमारी के बाद दुखद निधन हो गया . अंतिम संस्कार पंचकुईया मोक्षधाम पर हुआ जिसमें कमल भुराड़िया, कल्याण मंत्री, मांगीलाल कासट व लक्ष्मण माहेश्वरी ने श्रद्धांजलि अर्पित की .

# सांसद चौहान ने केन्द्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम से मुलाकात कर सौंपा पत्र

▶ मंत्री और सांसद हुए सख्त - एकलव्य सोंडवा की प्राचार्य और चमचों की तानाशाही का होगा अंत



**आलीराजपुर। गत दिनों एकलव्य आदर्श विद्यालय सोंडवा के प्राचार्य एवं तीन शिक्षकों की प्रताड़ना से तंग आकर पूरे स्टाफ एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बताई गई समस्या पर कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान ने सख्त रूप दिखाते हुए प्राचार्य एवं तीन शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए जनजातीय कार्य विभाग के केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम को पत्र लिखकर कार्रवाई की अनुशंसा कर अनुशासनात्म कार्रवाई का निवेदन करते हुए पत्र प्रेषित किए हैं।**

उल्लेखनीय है कि गत दिनों उमराली स्थित एकलव्य विद्यालय सोंडवा, में प्राचार्य नीलम भारती एवं उनके कु. शिवानी चौधरी, श्रीमती अन्नू मान, एवं कुलजीत राजपूत की तानाशाही और अड़ियल रवैए से पूरे शिक्षक शिक्षिकाओं सहित पूरे विद्यालय के विद्यार्थी परेशान हो गए, ओर धरने पर बैठ गए। जिसकी सूचना मिलते ही कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा अपने विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता एवं दिलीप चौहान को मौके पर भेजा था एवं पूरी स्थिति की जानकारी लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर नीता माथुर भी मौके पहुंची और पूरे शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों से व्यक्तिगत चर्चा कर जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारीयो को भोपाल भेजी।

सांसद मिली केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री से-विधायक प्रतिनिधि एवं मंत्री सांसद हेल्पलाइन प्रभारी गोविंदा गुप्ता ने बताया कि प्राचार्य श्रीमती नीलम भारती, कु. शिवानी चौधरी, अन्नू मान एवं कुलजीत राजपूत के खिलाफ प्राप्त शिकायत की प्रशासनिक जांच में भी उपरोक्त चारों को दोषी पाए जाने के उपरांत कैबिनेट मंत्री चौहान एवं सांसद चौहान ने तत्काल कार्यवाही हेतु पत्र लिखने के साथ यह पत्र सांसद चौहान ने स्वयं दिल्ली में जनजातीय कार्य मंत्रालय पहुंच कर केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम से सौजन्य भेंट कर पूरी स्थिति से अवगत करवाते हुए चारों पर कार्यवाही हेतु पत्र सौंपे।

सांसद चौहान ने केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि प्राचार्य नीलम भारती पर लगे सारे आरोप जांच में भी सही पाए जाने के साथ इनका यही अहंकारी एवं असौहाद्रपूर्ण व्यवहार पूर्व में एकलव्य विद्यालय पेटलावद में भी था, जिसके चलते वहां भी शिक्षकों से लेकर विद्यार्थियों ने इसी तरह आंदोलन की राह अपनाई ,जिसके बाद प्राचार्य भारती को निलंबित किया गया था।

### प्राचार्य एवं उनके तीन सहयोगियों पर मुख्य आरोप

1. अत्यधिक तनावपूर्ण एवं दमनकारी व्यवहार ।
2. कुप्रबंधन, अस्थिर एवं मनमाना प्रशासन ।
3. कर्मचारियों पर अनुचित दबाव डालना एवं भय का वातावरण निर्मित करना।
4. प्राचार्य के निकटस्थ व्यक्तियों द्वारा समस्त कार्यों में अनधिकृत हस्तक्षेप।
5. शिक्षकों का सार्वजनिक रूप से अपमान एवं मानहानि ।
6. अशोभनीय एवं मर्यादाविहीन टिप्पणियाँ।
7. पुरुष शिक्षक का बालिका छात्रावास में अनधिकृत रूप से आवागमन।
8. शिकायत प्रस्तुत करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध प्रतिशोधात्मक कार्रवाई।
9. निरंतर मानसिक उत्पीड़न एवं कार्यस्थल पर विषाक्त वातावरण का निर्माण।
10. नियम विरुद्ध एवं अनुचित कार्यों के लिए दबाव बनाना।
11. कर्मचारियों को त्यागपत्र देने के लिए विवश होना।
12. विद्यार्थियों को प्रदत्त भोजन की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की होना।
13. अन्य संबंधित गंभीर अनियमितताएँ।

# जुबिली वर्ष-2025 को लेकर सजा मुख्य प्रार्थना घर

▶ जिलेभर में क्रिसमस पर्व को लेकर समाजजनों में है विशेष उत्साह



**झाबुआ। इसाई समाज द्वारा इस वर्ष प्रभू येशू मसीह के जन्मदिवस (क्रिसमस पर्व) को जुबिली वर्ष-2025 के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका विषय 'आशा के तीर्थयात्री' रखा गया है।**

इसको लेकर जिलेभर में समाजजनों में विशेष उत्साह एवं तैयारियों का क्रम चल रहा है। जिला मुख्यालय पर कैथोलिक चर्च परिसर, मुख्य प्रार्थना घर पर विशेष सजावट और सुंदर प्रवेश द्वार बनाए जाने के साथ जिले के सभी प्रार्थना घरों पर भी विशेष सजावट की जा रहीं है। समाजजनों द्वारा अपने घरों पर रंग-रोगन, आकर्षक सजावट के साथ गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। झाबुआ में मुख्य प्रार्थना घर पर 24 एवं 25 दिसंबर को विशेष कार्यक्रम एवं प्रार्थना होगी। मुख्य प्रार्थना घर के समीप बालक येशू की सुंदर झांकी समाज के युवाओं द्वारा जोर-शोर से तैयार की जा रहीं है। 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को भी विशेष प्रार्थना के साथ नववर्ष की खुशी का माहौल रहेगा।

# किसान संतुलित मात्रा में उर्वरकों का करें उपयोग : कृषि विभाग

**आलीराजपुर। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास,आलीराजपुर द्वारा किसानों को फसलों में उर्वरकों के संतुलित उपयोग की सलाह दी गई है। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि अधिक उत्पादन और अच्छी गुणवत्ता के लिए केवल यूरिया या डीएपी पर ही निर्भर न रहें ,बल्कि अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का भी सही मात्रा में उपयोग करें।**

कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि डीएपी के विकल्प के रूप में किसान कांप्लेक्स उर्वरक का उपयोग कर सकते हैं। इन उर्वरकों से फसलों को नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश तीनों पोषक तत्व आसानी से मिल जाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि कांपलेक्स उर्वरकों के उपयोग से फसलों में अच्छी बढ़वार, दाना भरना, पौधों में चमक, तथा रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है और फसल मजबूत होती है ।उन्होंने गेहूं की फसल के लिए किसानों से अपील की है कि वह प्रति हेक्टेयर 5 बैग यूरिया तथा 3 .5 बैग कॉम्प्लेक्स खाद (12 :32 :16) का उपयोग करें या फिर 5 बैग यूरिया के साथ 7 .5 बैग एसएसपी का प्रयोग भी लाभकारी रहेगा। इससे डीएपी की अधिक लागत से बचा जा सकता है। एसएसपी के उपयोग से फसलों को सल्फर और कैल्शियम भी मिलता है, जो मिट्टी और फसल दोनों के लिए लाभदायक है साथ ही खड़ी फसल में नैनो उर्वरक का उपयोग करने से उत्पादन में वृद्धि होती है।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आलीराजपुर ने जिले के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे मृदा स्वास्थ्य कार्ड और कृषि वैज्ञानिकों की सिफारिश के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें। साथ ही कंपोस्ट खाद, गोबर की खाद और केंचुआ खाद का उपयोग करें, जिससे खेत की उर्वरता बनी रहे और किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त हो सके।



# मौसम का तापमान 8 .6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

▶ कड़कड़ाती ठंड से राहत हेतु शहरी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लिया जा रहा अलाव का सहारा

**झाबुआ।** दिसंबर माह का आधा पखवाड़ा बीत चुका है। इस महीने में जिलेभर में कड़कड़ाती ठंड का आभास हो रहा है।

ठंड से बचने के लिए लोग तरह-तरह के जतन कर रहे है। ऊनी एवं गर्म वस्त्र पहनने के साथ अदरक और ईलायची वाली चाय की चुस्कियों का आनंद लिया जा रहा है। होटलों पर चाय, कॉफी के साथ गराडू, जलेबी, गरम दूध, हलवे की बिक्री अधिक हो रहीं है। जिले के शहरी, नगरीय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी अलसुबह एवं रात में कड़कड़ाती ठंड से राहत के लिए लोगों द्वारा बाजार में अलाव जलाकर ठंड से निजात पाने के प्रयास किए जा रहे है। मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी राजेशकुमार त्रिपाठी ने बताया कि 18 दिसंबर, गुरूवार को अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 8 .6 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। श्री त्रिपाठी के अनुसार जनवरी माह के आधे पखवाड़े तक ठंड का प्रकोप अधिक रहने की संभावना है।


# उचित मूल्य केंद्र एवं आंगनवाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया

.आलीराजपुर । कलेक्टर नीतू माथुर ने जिले के समस्त क्षेत्र में बेहतर शिक्षा मुहैया करवाने के लिए समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अपने कार्यक्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं का लगातार भ्रमण कर निरीक्षण करें इसी निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे द्वारा वार्ड क्रमांक एक आलीराजपुर के आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया तथा वहां उपस्थित बच्चों से संवाद कर पोषण आहार मिल में मिलने वाले भोजन के बारे में जानकारी ली।

इस भ्रमण के दौरान उन्?होंने खाद्य वितरण व्यवस्था टॉकीज चौराहा का भी औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि उचित मूल्य केंद्र का सुचारू रूप से संचालन करे साथ ही सभी हितग्राहियों को समय पर और नियमनुसार लाभ सुनिश्चित हो।

# पीएम श्री कन्या विद्यालय चंद्रशेखर आज़ाद नगर में वार्षिकोत्सव

**आलीराजपुर । चंद्रशेखर आजाद नगर स्थित पीएम श्री कन्या विद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नागर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए ।उनके आगमन पर विद्यालय प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।**



इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत एवं अन्य प्रेरणादायक प्रस्तुति शामिल थी । कैबिनेट मंत्री चौहान ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं को निरंतर परिश्रम कर आगे बढ़ने और अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया तथा मेधावी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री माधो सिंह डावर , अध्यक्ष श्री मकू परवाल , अन्य जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय प्राचार्य एवं स्टाफ उपस्थित था ।



# सर्व ब्राह्मण परिचय सम्मेलन के लिए अब तक 2 हजार से अधिक प्रविष्टियां

▶ हाईटेक सम्मेलन 28 दिसम्बर को

**इंदौर.** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में अ.भा. सर्व ब्राह्मण युवा-युवती परिचय सम्मेलन के लिए इस बार 80 डॉक्टर्स, 327 इंजीनियर्स (एम.टेक, बी.टेक सहित), 231 एमबीए, 77 सीए एवं सीएस, 52 एलएल.बी. एवं एलएल.एम., 318 स्नातक, 295 स्नातकोत्तर एवं दसवीं तथा बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण 120 प्रत्याशियों सहित 2000 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी हैं. न्यास द्वारा इस बार राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर 28 दिसम्बर को होने वाले परिचय सम्मेलन के लिए हाईटेक प्रबंध किए जा रहे हैं.

न्यास के परिचय सम्मेलन प्रकोष्ठ के मुख्य संरक्षक विधायक रमेश मेंदोला, संरक्षक पं. दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा काका, संयोजक पं. ओमप्रकाश शर्मा, आशीष शर्मा एवं भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि सम्मेलन स्थल पर तत्काल पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, ताकि कोई भी समाजबंधु सम्मेलन से वंचित न रह सके. सम्मेलन में ब्राह्मण समाज के सभी वर्गों की सहभागिता होगी. सम्मेलन मे भाग ले रहे अधिकांश प्रत्याशी उच्च शिक्षित, स्वरोजगार में स्थापित एवं आईटी प्रोफेशनल के साथ ही डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, एमबीए, एमसीए एवं देश-विदेश में कार्यरत हैं।

एक नजर में ▶ खून बढ़ेगा तो कार्यक्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी

# होम्योपैथी एनीमिया के सभी प्रकारों के उपचार में प्रभावी : डॉ . द्विवेदी

**सोलन/ इंदौर. हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयोजित कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम में इंदौर के वरिष्ठ एवं सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी ने एनीमिया इन प्रेगनेंसी विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया. यह सीएमई कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर का रहा, जिसमें देश के अनेक राज्यों से बड़ी संख्या में चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की.**

इस सीएमई में विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर, झारखंड, राजस्थान, नई दिल्ली, गोवा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश से प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और प्रभाव और अधिक बढ़ गया. व्याख्यान के दौरान डॉ. द्विवेदी ने कहा कि होम्योपैथी एनीमिया के सभी प्रकारों के उपचार में सफल है. शरीर में रक्त की मात्रा बढ़ने से न केवल कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है. एनीमिया मुक्त समाज ही सशक्त भारत की वास्तविक नींव है।



डॉ. द्विवेदी ने एनीमिया के प्रमुख कारणों पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि महिलाओं में माहवारी के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, नाक से बार-बार खून आना (नकसीर), ब्लीडिंग पाइल्स, तथा प्रतिदिन ब्रश करते समय मसूड़ों से खून आना भी एनीमिया के प्रमुख कारण हो सकते हैं, जिन्हें अक्सर लोग गंभीरता से नहीं लेते. उन्होंने दैनिक आहार में ग्रीन लीफी वेजिटेबल, लाल फल एवं लाल सब्जियों को शामिल करने पर जोर देते हुए कहा कि दिन में यह अवश्य सुनिश्चित करें कि कुछ हरा और कुछ लाल आहार अवश्य लिया जाए.

### ▶ सवालों का समाधान किया

व्याख्यान के दौरान प्रतिभागियों ने खुलकर प्रश्न पूछे, जिनका डॉ . द्विवेदी ने अत्यंत सरल एवं व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया . कार्यक्रम का संचालन डॉ . वसुंधरा मेहरोत्रा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . पवन द्विवेदी एवं सीएमई की कोऑर्डिनेटर डॉ . अर्चना शर्मा ने डॉ . ए .के . द्विवेदी का मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र भेंट कर स्वागत किया . कार्यक्रम के तकनीकी संचालन में डॉ . तरुण राजपूत, डॉ . सुरभि एवं विशाल शर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा . विशेष रूप से चंडीगढ़ से पधारे डॉ . विकास सिंघल भी पूरे कार्यक्रम के दौरान डॉ . द्विवेदी के साथ मंच पर उपस्थित रहे।